BCM SCHOOL BASANT AVENUE LDH.(9.8.24)
Assignment class IX Hindi

<u>अपठित गद्यांश</u>

प्रश्न-**1.** नीचे दिए गए अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए-   **(4)**

कविवर रवींद्रनाथ टैगोर को नोबल पुरस्कार मिला। देश-विदेश से बधाई के संदेश आए। उनके पड़ोसी ने उन्हें बधाई नहीं दी। टैगोर, को यह व्यवहार अखरा, लेकिन उन्होंने उसे भुलाने की कोशिश की, पर भुला नहीं पाए। बार-बार उनके सामने उसका चेहरा आ जाता था। वह जब-जब उसके बारे में सोचते क्रोध से भर जाते। अगली सुबह वह समुद्र के किनारे टहल रहे थे। सूर्य की किरणों में सागर चाँदी-सा चमक रहा था। तभी उनकी नज़र करीब ही पानी से भरे गड्ढे पर पडी। वहाँ भी सूर्य की किरणें बराबर पड़ रही थीं। तभी उनको ख्याल आया कि सूर्य ने तो सब पर बराबर किरणें फैलाई हैं।

उसने तो समुद्र और गड्ढे में कोई अंतर नहीं किया। टैगोर को अपनी गलती का अहसास हुआ कि यदि दूसरा अपनी उदारता छोड़ रहा है तो वे क्यों छोड़ें? तत्काल उन्होंने उसके घर जाकर उनके चरण-स्पर्श किए। उसकी आँखें गीली हो गईं। वह बोला कि आप जैसे देवतुल्य को यह पुरस्कार मिलना ही चाहिए था। यह कहकर उसने टैगोर के चरण-स्पर्श किए। दोनों के बीच की दूरी मिट गई।

प्रश्नः **1.** रवींद्रनाथ को पड़ोसी का व्यवहार क्यों अखरा? **1M**

प्रश्नः **2.** पड़ोसी के व्यवहार से टैगोर का व्यवहार किस प्रकार प्रभावित हो रहा था?**1M**

प्रश्नः **3.** टैगोर को अपनी गलती का अहसास कब हुआ? **1M**

प्रश्नः **4.** पड़ोसी ने अपने व्यवहार की भूल किस प्रकार सुधारी?**1M**

II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन या चार पंक्तियों में दो:-**(6)**

प्रश्न**1.** 'कैदी और कोकिल' कविता का संदेश/उद्देश्य/मूलभाव स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न **2.** कारागार में कवि की कैसी दशा है?

प्रश्न **3**श्रीकृष्ण और उनसे जुड़ी वस्तुओं का सान्निध्य पाने के लिए कवि क्या-क्या त्यागने को तैयार है?

प्रश्न **4**'या मुरली मुरलीधर की अधरा न धरी अधरा न धरौंगी' का भाव स्पष्ट करते हुए बताइए कि गोपी ने ऐसा क्यों कहा ?

III. अर्थ के आधार पर वाक्य परिवर्तन करें:-**(5)**

1मैं परीक्षा की तैयारी कर रहा हूं ।(निषेधात्मक)

2 मैं कल विद्यालय नही जाऊंगा ।(विधान वाचक)

3 लड़कियां पुस्तक निकाल कर पढ़ रही हूं।(प्रश्नवाचक)

4 मौसम बहुत सुहावना है ।(विस्मयादिबोधक)

5 सुबह जल्दी उठ जाना चाहिए ।(आज्ञार्थक)